<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4726

22 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा रोजगार

4726. श्री प्रवीन कुमार निषादः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या झारखंड के बोकारो इस्पात संयंत्र से 29 हजार परिवारों को विस्थापित किया गया है और इनमें से केवल 17 हजार परिवारों को ही रोजगार प्रदान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो शेष 12 हजार परिवारों को अब तक रोजगार प्रदान नहीं करने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इन्हें कब तक रोजगार प्रदान किए जाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख): बोकारो इस्पात संयंत्र को स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लैंड एक्विजिशन एक्ट, 1894 के भाग-II के तहत अधिसूचनाएं जारी करके भूमि का अधिग्रहण किया गया।

तत्कालीन बिहार सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय (रोजगार विंग) ने बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय विस्थापित परिवारों की संख्या 6019 बताई थी। सिद्धांततः यह सहमति हुई थी कि प्रारंभ में विस्थापित परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार दिया जाएगा। बोकारो इस्पात संयंत्र अभी तक 16000 विस्थापित व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर चुका है जो कि मूल रूप से विस्थापित परिवारों की संख्या से कहीं अधिक है।

बोकारो इस्पात संयंत्र में विस्थापित व्यक्तियों को रोजगार देने का कार्य माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय और लोक उद्यम ब्यूरो, (बीपीई) भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार विनियमित किया जाता है।

(ग): उपर्युक्त (क) और (ख) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

****